RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार 11 नवंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 200 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## मीरा भायंदर में फायर फाइटर बाइक
## आग वाली घटना पर तत्काल पहुंचेगी टीम



**ठाणे:** मीरा भायंदर मनपा के अग्निशमन विभाग के बेड़े में 16 फायर फाइटर बाइक को शामिल किया गया है। शुक्रवार को मनपा आयुक्त संजय श्रीपतराव काटकर की उपस्थिति में अग्निशमन विभाग के लिए खरीदी गई 16 फायर बाइक का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त अनिकेत मनोरकर, उपायुक्त (अग्निशमन विभाग, मुख्यालय) मारुति गायकवाड़, उपायुक्त कल्पिता पिंपले, अग्निशमन विभाग अधिकारी प्रकाश बोराडे, मनपा अधिकारी और अग्निशमन विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। अग्निशमन विभाग ने 350 सीसी इंजन वाली 16 फायर बाइक खरीदकर अग्निशमन की क्षमता में वृद्धि की ओर एक कदम बढ़ाया है। प्रत्येक फायर बाइक में 35 लीटर क्षमता की पानी की टंकी लगी हुई है। बाइक में वॉटर मिस्ट तकनीक लगाई गई है।यह तकनीक हवा को ठंडा कर आग बुझाने में काफी मदद करती है। बाइक पर नोजल गन के साथ 20 मीटर लंबी होज रील लगाई गई है। जेट की लंबाई 10 मीटर की है।

जिससे अधिक दबाव के कारण पंप से पानी निकलने की क्षमता 8 से 9 लीटर प्रति मिनट हो जाती है। मनपा आयुक्त काटकर ने बताया कि इस फायर बाइक का उपयोग छोटी एवं प्राथमिक स्तर की आग को बुझाने के लिए किया जाएगा।

# बॉम्बे हाईकोर्ट ने आदेश में किया संशोधन

## बॉम्बे हाई कोर्ट ने मुंबई में पटाखे जलाने का समय बदला, नई टाइमिंग फिक्स

## दिवाली के दौरान पटाखे फोड़ने का समय घटाकर दो घंटे किया

मुंबई : बॉम्बे हाई कोर्ट ने दिवाली पर पटाखे जलाने को लेकर निर्देश जारी किए हैं. कोर्ट ने पटाखे जलाने के तय किए गए घंटे में कटौती की है. अब मुंबई में शाम 7 से रात 10 बजे की जगह रात 8 से 10 बजे के बीच ही पटाखे जलाए जा सकेंगे. बॉम्बे हाई कोर्ट में वायु प्रदूषण के मामले में सुनवाई हुई है.

कोर्ट ने वायु प्रदूषण रोकने के लिए निर्देश जारी किए हैं. कोर्ट ने कहा कि राजधानी मुंबई में निर्माण कार्य बंद नहीं होंगे लेकिन कुछ निर्देश लागू होंगे. निर्माण कार्य के दौरान कंट्रक्शन मैटेरियल के वाहनों को ढंकना अनिवार्य होगा. महाराष्ट्र के 10 शहरों की प्रदूषण की रिपोर्ट महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पेश करनी होगी. इस संबंध में काम करने के लिए एक समिति के गठन करने कहा गया है. समिति में तीन सदस्य



होंगे. यह समिति साप्ताहिक रिपोर्ट तैयार करेगी जो कि बृहन्मुंबई नगर पालिका की दैनिक रिपोर्ट पर आधारित होगी. फिर रिपोर्ट को हाई कोर्ट के समक्ष पेश करना होगा.

**दो घंटे ही जलाए जा सकेंगे पटाखे**

उधर, दिवाली पर जलाए जाने वाले पटाखों के समय में भी बदलाव किया गया है. महाराष्ट्र सरकार ने शाम 7 से रात 10 बजे पटाखा जलाने का समय निर्धारित किया था जिसमें एक घंटे की कटौती करते हुए हाई कोर्ट ने रात 8 से 10 बजे कर दिया है. कोर्ट ने सुनवाई के दौरान साथ ही कहा कि राज्य सरकार और बीएमसी को प्रदूषण में नियंत्रण लाने के लिए अधिक सतर्कता से काम करना होगा.

### 19 नवंबर को कोर्ट की अगली सुनवाई

उधर, बीएमसी ने इस मामले मोबाइल ऐप शुरू किया है और हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है. कोर्ट ने कहा कि बीएमसी की साइट है लेकिन इन सभी को अपडेट करने की जरूरत है. बीएमसी के साथ अन्य महानगर पालिकाओं को भी अपना डाटा अपडेट करना जरूरी है. बताया गया है कि 19 नवंबर तक निर्माण से संबंधित कचरे के वाहनों को कही लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी. कोर्ट में अगली सुनवाई 11 दिसंबर को होगी. हाई कोर्ट ने 19 नवंबर तक के लिए जो गाइडलाइंस जारी की थी उसी का पालन किया जाएगा.

## बोरीवली से मुलुंड की दूरी एक घंटे में होगी पूरी, नया पुल बनाने का एलान



**मुंबई:** बोरीवली से मुलुंड के बीच सफर की दूरी एक घंटे में सिमट कर रह जाएगी। मालाड हिल रिजरवायर और लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स के बीच बीएमसी ने 180 करोड़ रुपए की लागत से एक 900 मीटर लंबा पुल बनाने का फैसला किया है। इस पुल का निर्माण सीमेंट कंक्रीट से किया जाएगा। यह पुल गोरेगांव मुलुंड लिंक रोड से जुड़ा होगा। इससे बोरीवली और मुलुंड के बीच का सफर एक घंटे में पूरा किया जा सकेगा। मुंबई में ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने के लिए नए पुल बनाए जा रहे हैं। इसी क्रम में पश्चिमी उपनगर में मालाड हिल रिजरवायर से लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स को जोड़ने वाले अप्पा पाड़ा तक 18.30 मीटर डीपी रोड फेज वन विकसित किया जाएगा।

## टूटेगा 130 साल पुराना बेलासीस पुल, रेलवे बनाएगी नया ब्रिज...



**मुंबई** : महानगर मुंबई के सबसे पुराने ब्रिटिशकालीन पुलों में से एक बेलासिस रेलवे पुल को तोड़ने की योजना बनाई गई है। पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल और ग्रांट रोड स्टेशन के बीच स्थित 130 साल पुराने बेलासिस उड़ान पुल के पुनःनिर्माण का निर्णय रेलवे ने लिया है। बताया गया है, कि जल्द ही इस पुराने ब्रिज को बंद कर इसके स्थान पर अत्याधुनिक ब्रिज बनाया जाएगा।

**केबल ब्रिज बनाने की थी योजना**

उल्लेखनीय है कि बेलासिस रेलवे फ्लाईओवर की जगह पर 6 लेन का नया आरओबी बांद्रा-वर्ली सी-लिंक की तर्ज पर केबल ब्रिज के रूप में बनाने का प्रस्ताव महारेल ने तैयार किया था। यह केबल स्टेड ब्रिज 32.7 मीटर चौड़ा बनने वाला था, परंतु कुछ कारणवश योजना आगे नहीं बढ़ सकी। उसके बाद पश्चिम रेलवे ने बीएमसी के साथ मिलकर इसे स्वयं बनाने का निर्णय लिया। इस आरओबी के बन जाने पर मुंबई सेंट्रल स्टेशन के पश्चिम तरफ ताड़देव जंक्शन से पूर्व में नागपाड़ा जंक्शन की यातायात समस्या दूर होने में मदद मिलेगी।

**बनेगा अस्थाई यात्री ब्रिज**

बेलासिस पुल बंद होने के बाद स्थानीय पैदल यात्रियों और रेल यात्रियों की सुविधा के लिए मुंबई सेंट्रल स्टेशन की मुख्य टिकट खिड़की को जोड़ने वाला एक अस्थायी पुल बनाया जाएगा। पश्चिम रेलवे के डीआरएम नीरज वर्मा के अनुसार मुंबई में इस तरह का पहला प्रयोग होगा। पहले यात्रियों के लिए पुल का निर्माण होगा। पुल को 4 महीने में यानी फरवरी 2024 तक उपयोग के लिए खोलने की योजना है। पैदल यात्री पुल की योजना को रेलवे मुख्यालय से मंजूरी मिल गयी है।

### 1893 में बना था ब्रिज...

बेलासिस रेलवे फ्लाईओवर का निर्माण लगभग 130 साल पहले सन 1893 में किया गया था। उस समय इस इलाके में रेलवे ट्रैक के ऊपर से काफी कम वाहन और पैदल यात्रियों का आवागमन होता था। समय के साथ यहां भीड़ बढ़ती गई और बेलासिस ब्रिज आवागमन के लिए छोटा पड़ते गया। अपनी आयु सीमा पार कर चुके इस ब्रिज का उपयोग यातायात के लिए रोकने की सलाह भी दी गई, हालांकि अभी भी इस ब्रिज पर बड़े पैमाने पर आवागमन हो रहा है।

## राज ठाकरे पर दर्ज एफआईआर बॉम्बे HC ने की रद्द...

### 2010 निकाय चुनावों का था मामला

**मुंबई** : बम्बई उच्च न्यायालय ने 2010 में निकाय चुनाव से पहले आचार संहिता के कथित उल्लंघन के लिए महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी और उसके बाद शुरू हुई आपराधिक कार्यवाही को शुक्रवार को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति अजय गडकरी और न्यायमूर्ति शर्मिला देशमुख की खंडपीठ ने प्राथमिकी के खिलाफ मनसे प्रमुख की 2014 में दाखिल याचिका को मंजूरी दे दी थी। प्राथमिकी में राज्य चुनाव आयोग के एक परिपत्र के हवाले से बताया गया कि चुनाव प्रचार के लिए ठाकरे ने मुंबई के बाहरी इलाके कल्याण और डोंबिवली क्षेत्र का दौरा किया, जिसका कार्य 29 सितंबर, 2010 तक पूरा किया जाना था। प्राथमिकी के मुताबिक, पुलिस उपायुक्त ने ठाकरे को एक नोटिस जारी किया, जिसमें उन्हें उस वर्ष 29 सितंबर को रात 10 बजे के बाद कल्याण-डोंबिवली नगर निगम (केडीएमसी) की सीमा के भीतर मौजूद नहीं रहने के लिए कहा गया



था। इसमें जिक्र है कि नोटिस के अनुसार, ठाकरे को किसी भी राजनीतिक दल के कार्यालय, आवास, होटल, लॉज या गेस्ट हाउस में नहीं जाने के लिए कहा गया। साथ ही यह भी उन्हें बताया गया कि इस व्यवस्था का उल्लंघन करने पर उन्हें जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 126 के तहत मुकदमे का सामना करना पड़ सकता है । प्राथमिकी के मुताबिक, अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि ठाकरे तय समय के बाद भी केडीएमसी क्षेत्र के भीतर एक घर में रुके और जब पुलिस के एक वरिष्ठ निरीक्षक मनसे प्रमुख को नोटिस देने के लिए उनके पास गए तो उन्होंने उसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### कास्ट सेंसस उपयोगी

केंद्रीय गृह मंत्री और सीनियर बीजेपी नेता अमित शाह ने एक चुनावी रैली में पिछले दिनों कहा कि असल में बीजेपी कास्ट सेंसस के उतना खिलाफ नहीं है। यह बयान चौंकाने वाला इसलिए है क्योंकि बीजेपी की ही अगुआई वाली केंद्र सरकार एकाधिक मौकों पर साफ कर चुकी है कि राष्ट्रीय स्तर पर कास्ट सेंसस करवाना व्यावहारिक नहीं है। ऐसे में अब जब अमित शाह अपनी पार्टी के स्टैंड पर अलग तरह की बात कह रहे हैं तो स्वाभाविक ही उसे पार्टी को होने वाला चुनावी नुकसान कम करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। लेकिन भले ही चुनावी हितों के कारण हो, अगर बीजेपी अपना स्टैंड बदल रही है तो इसका मतलब यह है कि घूम-फिरकर सभी पार्टियां कास्ट सेंसस के पक्ष में हो गई हैं। इसी बात को मुद्दा बनाते हुए हमारे सहयोगी अखबार ह्यटाइम्स ऑफ इंडियाह्न ने सोमवार को प्रकाशित संपादकीय में सवाल किया है कि क्या सभी दल इस तथ्य को नजरअंदाज कर देंगे कि जाति जनगणना से आखिरकार फायदों से ज्यादा नुकसान होने वाला है। लेकिन आखिर यह बात कैसे मान ली जाए कि जाति जनगणना फायदों से ज्यादा नुकसान करने वाली है? अगर ज्यादातर दल इस मुद्दे को कोटा मानसिकता से देख और समझ रहे हैं तो यह देखने वाले की गलती हुई न कि मुद्दे की। जरूरत यह है कि इस मुद्दे को सही नजरिये से और व्यापक अर्थों में लिया जाए।

इसमें दो राय नहीं कि आरक्षण प्रतिशत विभिन्न वर्गों और तबकों की रोजगार समस्या का हल नहीं हो सकता। इसे इस रूप में पेश करने वाली राजनीति किसी का भला नहीं करती। लेकिन जाति आज भी हमारे समाज की एक कड़वी सचाई है, जिससे मुंह नहीं मोड़ा जा सकता। जाहिर है किसी भी तर्क से इस सचाई को छुपाने या इसे अंधेरे में रहने देने की वकालत करना सही नहीं होगा। अगर 2002 के इढछ सेंसस में ग्रामीण परिवारों की सामाजिक आर्थिक स्थिति के साथ-साथ कुछ जाति संबंधी आंकड़े भी जुटाए जा चुके हैं तो यह काफी नहीं। समाज के हालात समय के साथ बदलते रहते हैं। ऐसे में दो या तीन दशक पहले के आंकड़ों से काम चलाते रहना कोई अच्छा विकल्प नहीं कहा जाएगा। जाहिर है, मौजूदा हालात से जुड़ी ताजा हकीकत पता करने और उसे समय-समय पर अपडेट करते रहने की जरूरत है ताकि नीतियां बनाते समय अनुमान से काम लेने की मजबूरी न रहे। इसी वजह से हर 10 साल में होने वाले सेंसस में देरी का मुद्दा भी प्रासंगिक है। यह आखिरी बार साल 2011 में हुआ था। अब कहा जा रहा है कि यह जनगणना 2024 आम चुनाव के बाद ही हो पाएगी। सेंसस न होने की वजह से अभी कल्याणकारी योजनाएं 2011 के आंकड़ों के आधार पर ही चलाई जा रही हैं, जिस पर एक्सपर्ट्स सवाल उठा चुके हैं। उसी तरह से आरक्षण से जुड़े कई सवालों का जवाब जाति जनगणना से मिलेगा, जिनसे आगे नीति-निर्माण में मदद मिलेगी।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# विधानसभा चुनावों को लेकर सीएम शिंदे ने बीजेपी चीफ जेपी नड्डा को लिखी चिट्ठी



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने पांच राज्यों में हो रहे चुनाव को लेकर बीजेपी को समर्थन देने का एलान किया है. इसको लेकर उन्होंने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को एक चिट्ठी लिखकर कहा है कि उन्होंने अपनी पार्टी के सभी पदाधिकारियों को बीजेपी की सहायता करने के निर्देश दिए हैं. एकनाथ शिंदे ने जेपी नड्डा को चिट्ठी लिखकर कहा, ''मेरे नेतृत्व में शिवसेना हिंदू हृदय सम्राट बाला साहेब ठाकरे की हिंदुत्व की विचारधारा का पथ प्रदर्शक है. उस परंपरा का अनुसरण करते हुए हमने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए को ज्वाइन किया है.'' सीएम शिंदे ने लिखा, ''शिवसेना भारत के ज्यादार राज्यों में सक्रिय है. राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में हो रहे चुनाव को देखते हुए शिवसेना ने सक्रिय रूप से भाग लेने और बीजेपी के उम्मीदवार को समर्थन देने का फैसला किया है. मैंने उन राज्यों के शिवसेना की सभी इकाइयों को आदेश को दिया है कि बीजेपी की इकायों का साथ देकर कैम्पेन करें.''


**शिंदे ने जेपी नड्डा से की यह अपील**

सीएम ने कहा, ''मैंने राहुल शिवाले, आशीष कुलकर्णी और अभिजीत अद्सुल से कहा है कि वे भागीदारी की प्रक्रिया के ब्यौरा को जानने के लिए बीजेपी की प्रदेश इकाई के साथ समन्वय करें.ह्व सीएम शिंदे ने जेपी नड्डा से अपील की है कि वे बेहतर समन्वय के लिए बीजेपी के मुख्यालय से एक व्यक्ति की नियुक्त करें.

**इन राज्यों में दिवाली के बाद मतदान**

वहीं, पांच राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनाव की बात करें तो राजस्थान में 25 नवंबर को मतदान है, जबकि मध्य प्रदेश में 17 नवंबर मतदान कराया जाएगा. छत्तीसगढ़ में दो चरणों में मतदान होना था जिसमें पहले चरण का मतदान 7 नवंबर को हो चुका है और अब 17 नवंबर को अंतिम चरण का चुनाव होगा. तेलंगाना में 30 नवंबर को मतदान कराया जाएगा. मध्य प्रदेश में बीजेपी की सरकार है और यहां यह बेहतर स्थिति में हैं. वहीं राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है. तीनों ही राज्यों में बीजेपी और कांग्रेस के बीच मुख्य मुकाबला है. वहीं, तेलंगाना में भी बीजेपी में बीआरएस को कड़ी चुनौती दे रही है.

# धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम में 10 मुस्लिमों ने अपनाया हिंदू धर्म, बागेश्वर सरकार ने की घोषणा



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के धार्मिक कार्यक्रम में एक मुस्लिम परिवार ने हिंदू धर्म अपना लिया. केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री डॉ भगवत कराड ने 'राम कथा' के तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन अयोध्या नगरी मैदान में कराया था. मध्य प्रदेश स्थित बागेश्वर धाम पीठ के प्रमुख शास्त्री ने बुधवार को मंच से घोषणा कर कहा,''कथा सुनने के बाद मुस्लिम धर्म का पालन करने वाले 10 लोग आज से सनातनी बन गए.''

**'क्या किसी ने दबाव बनाया?'**

महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के रहने वाले परिवार से उन्होंने पूछा,''क्या किसी ने तुमपर दबाव बनाया है?'' परिवार के मुखिया जमील निजाम शेख ने कहा कि वह बचपन से 'सनातन धर्म' का पालन कर रहे हैं और बजरंग दल के माध्यम से शास्त्री से संपर्क किया. उन्होंने कहा,''मुझ पर किसी ने कोई दबाव नहीं बनाया.'' शेख ने कहा कि उनका परिवार लंबे समय से भगवान राम तथा कृष्ण को पूजता था और गणेश उत्सव भी मनाता था.

**क्या इसका बीजेपी से कोई लेना है?**

संवाददाताओं के सवाल पर कराड ने कहा कि इस आयोजन से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) का कोई संबंध नहीं है. केंद्रीय मंत्री ने कहा,''धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम में एक मुस्लिम परिवार हिंदू बन गया. उनसे पूछा भी गया कि क्या तुम पर कोई दबाव तो नहीं है. उन्होंने मना कर दिया. इसका बीजेपी से कोई संपर्क नहीं है.'' बता दें, महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर में बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का तीन दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हो चुका है. बजरंग दल अध्यक्ष कुणाल भंडारी ने कहा कि सभी लोगों ने अपनी मर्जी से हिंदू धर्म अपनाया है.

# करंट लगने से युवती की मौत



**वसई :** पेल्हार पुलिस स्टेशन अंतर्गत तुंगारफाटा इलाके में 24 वर्षीय युवती की पानी गर्म करते समय करंट लगने से मौत हो गई। तूंगारफाटा स्थित मंगलमूर्ति बिल्डिंग में रहने वाली अंकिता सुनील राय हीटर से पानी गर्म कर रही थी तभी गलती से पानी में हाथ डाल दिया। परिजन उसे तत्काल नालासोपारा पूर्व स्थित मनपा अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने सन घोषित कर दिया।

# संसाद गोपाल शेट्टी के हाथों नमो क्रीड़ा मैदान एवं उद्यान अभियान क्रीड़ा संकुल का भूमिपूजन

**मुंबई (फिरोजसिद्दीकी)** महाराष्ट्र शासन मुंबई उपनगर जिला महानगर पालिका के संयुक्त उपक्रम से नमो क्रिडा मैदान व उद्यान अभियान क्रिडा संकुल का भूमिपूजन राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे जी तथा उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस उपनगर के पालक मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा की ऑनलाईन उपस्थिती में उत्तर मुंबई सांसद गोपाल शेट्टी के हाथों क्रीडा संकुल अंबूजवाडी, मालवणी,मालाड पश्चिम में किया गया। इसके साथ में जिला क्रीडा अधिकारी मुंबई उपनगर के अधिकारी मुंबई के सचिव विनोद शेलार, युनुस खान, युवा मोर्चा के मुंबई अध्यक्ष तेजिंदर तिवाना, जिलाध्यक्ष गणेश खणकर, और सुनील कोली उपस्थित थे।





# मुख्यमंत्री शिंदे का मुंबईकरों को दिवाली का तोहफा...

## मेट्रो को लेकर अहम ऐलान, जानें क्या हुआ बदलाव



**मुंबईः** मुंबई की दूसरी लाइफलाइन बन चुकी मुंबई मेट्रो में अब देर रात तक भी सफर किया जा सकता है। इसके लिए मेट्रो रूट 2ए और 7 से आखिरी मेट्रो रात 10:30 बजे की बजाय रात 11 बजे रवाना होगी। एमएमआरडीए के अध्यक्ष के तौर पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने यह फैसला लेकर मुंबईकरों को दिवाली का तोहफा दिया है। इस फैसले के मुताबिक शनिवार 11 नवंबर से मेट्रो की टाइमिंग बढ़ा दी जाएगी। इससे यात्री पर्यावरण अनुकूल और आरामदायक मेट्रो में रात 11 बजे तक सुरक्षित यात्रा कर सकेंगे। मुंबईकर यात्रियों के लाभ के लिए निर्णय की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि दिवाली उत्साह का त्योहार है। हम मुंबई मेट्रो का समय बढ़ाकर इस उत्साह को दोगुना करने में खुश हैं। मुंबई मेट्रो एक टिकाऊ और सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन प्रणाली है। हमने मुंबईकरों के लिए मुंबई मेट्रो का समय बढ़ाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

दिवाली के मौके पर मेट्रो का समय बढ़ाने की मांग की जा रही थी, लेकिन इस बार सिर्फ त्योहार के लिए नहीं बल्कि स्थायी तौर पर समय बढ़ाने का फैसला किया गया है। हर दिन लाखों नागरिक मुंबई मेट्रो में आराम से यात्रा करने लगे हैं। उनकी वजह से नागरिकों का जीवन और अधिक आरामदायक हो गया है। मेट्रो का जमाना आ गया है, मुंबईकर यात्रियों को अब देर रात तक सुरक्षित और आरामदायक यात्रा की सुविधा मिलेगी। सीएम ने कहा कीहमें विश्वास है कि यह मेट्रो हमारी मुंबई का गौरव होगी, जो पर्यावरण के अनुकूल है और ईंधन और समय की बचत करती है। अपने मेट्रो को साफ रखें, सुंदर रखें। मुख्यमंत्री ने प्लेटफार्म और स्टेशन क्षेत्र में भी सुरक्षा नियमों और अनुशासन का पालन करने की अपील की है। मुंबई उपनगरीय जिले के संरक्षक मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने दिवाली के मौके पर मेट्रो का समय बढ़ाने का सुझाव दिया था। इस पर मुख्यमंत्री ने सिर्फ त्योहारों के लिए ही नहीं बल्कि नियमित तौर पर इस समय को बढ़ाने का अहम फैसला लिया है। मुंबई मेट्रो रूट 2ए के अंधेरी वेस्ट और मेट्रो रूट 7 के गुंडवली स्टेशन से आखिरी मेट्रो अब 10:30 बजे के बजाय रात 11:30 बजे रवाना होगी। वर्तमान में मेट्रो रूट 2ए और 7 पर गुंडवली और अंधेरी वेस्ट के बीच सोमवार से शुक्रवार सुबह 5:55 बजे से रात 10:30 बजे तक 7.5 से 10.5 मिनट के अंतराल पर लगभग 253 सेवाएं चल रही हैं। अब मेट्रो का समय बढ़ने से इन स्टेशनों के बीच सुबह 5:55 से रात 11 बजे के बीच 257 मेट्रो यात्राएं होंगी।

# सांप का जहर सप्लाई मामले में नया मोड़ :

## मनीषा रानी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**मुंबई** : 'बिग बॉस ओटीटी २'के विनर एल्विश यादव पिछले कुछ दिनों से सुर्खियों में छाए हुए हैं। एल्विश यादव पर रेव पार्टियों में सांप का जहर सप्लाई करने का आरोप लगाया जा रहा था। उन पर आरोप था कि वह न सिर्फ रेव पार्टी का आयोजन करते हैं, बल्कि उस पार्टी में तरह-तरह के गैर-कानूनी चीजों की सप्लाई भी करवाते हैं। मेनिका गांधी ने नोएडा में उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई थी, वहीं इस मामले में अब एक और बड़ा अपडेट सामने आया है। इस केस में अब बिग बॉस ओटीटी २ के एक और कंटेस्टेंट का नाम शामिल हो रहा है। फैजान अंसारी ने इस नए नाम का खुलासा किया है।




सांप का जहर सप्लाई करने के केस में बिग बॉस ओटीटी २ के विनर एल्विश यादव के साथ उनकी दोस्त और बिग बॉस ओटीटी २ की एक्स कंटेस्टेंट मनीषा रानी का नाम भी सामने आ रहा है। इतना ही नहीं उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करवा दी गई है। दरअसल, एक्टर फैजान अंसारी ने दावा किया है कि इस केस में एल्विश के साथ साथ मनीषा रानी का भी हाथ है। फैजान के मुताबिक, केस से जुड़े सारे सबूत मनीषा रानी के फोन पर मौजूद है, जिसकी मुंबई पुलिस को तलाश है।

फैजान अंसारी ने मीडिया को दिए इंटरव्यू में मनीषा रानी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इंटरव्यू में फैजान अंसारी ने दावा किया है कि सोशल मीडिया सेंशन मनीषा रानी भी एल्विश यादव के साथ रेव पार्टी में जाती थीं। इस केस में एल्विश के साथ-साथ मनीषा रानी भी शामिल हैं। इसके अलावा फैजान अंसारी ने एल्विश पर भी कई तरह के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि एल्विश यादव का बहुत बड़ा नेटवर्क है। वह कई बड़े लोगों को जानता है। वह ड्रग डीलर है। फैजान ने कहा है कि वह एल्विश के खिलाफ एक हफ्ते के अंदर कोर्ट में सबूत भी पेश करेंगे।

बता दें कि एल्विश यादव पर एक्टर फैजान अंसारी से पहले मेनिका गांधी ने रेव पार्टीज में सांप का जहर सप्लाई करने का आरोप लगाया था। हालांकि, एल्विश ने इन सभी आरोपों को खारिज कर दिया है। उनका कहना है कि उन्हें झूठे केस में फंसाया जा रहा है, वहीं अब इस केस में एल्विश के साथ-साथ उनकी दोस्त मनीषा रानी का नाम भी सामने आ रहा है। हालांकि, मनीषा रानी की तरफ से इस मामले में अब तक कुछ नहीं कहा गया है।

# मुंबई में महिला ने सड़क पर बच्चे को दिया जन्म, पुलिस ने दोनों को अस्पताल में कराया भर्ती...



**मुंबई** : मुंबई के कुर्ला इलाके में गुरूवार को एक महिला ने सड़क पर बच्चे को जन्म दिया, इसके बाद पुलिस ने महिला और नवजात बच्चे को बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के एक अस्पताल में भर्ती कराया. पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. वी बी नगर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने कहा कि उन्हें दोपहर बाद कमानी जंक्शन के पास एक महिला द्वारा बच्चे को जन्म देने की सूचना मिली थी. सुवर्णा मिर्गल (30) नाम की महिला बच्चे को जन्म देने के बाद बेहोश हो गई. उन्होंने कहा कि पुलिस थाने का निर्भया दस्ता मौके पर पहुंचा तथा महिला और नवजात शिशु को पास के बीएमसी के एक अस्पताल में ले जाया गया. मां और बच्चा दोनों ही स्वस्थ बताए जा रहे हैं. पुलिस अधिकारी के मुताबिक वरिष्ठ निरीक्षक रजीन चव्हाण और अन्य अधिकारियों ने अस्पताल में जाकर महिला और उसके बच्चे का कुशलक्षेम जाना.

# सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश, विधायकों और सांसदों के खिलाफ चल रहे मामलों को जल्द निपटाया जाए

**नई दिल्ली** : सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि विधायकों और सांसदों के खिलाफ चल रहे मामलों को जल्द निपटाया जाए। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में उच्च न्यायालय को इसकी निगरानी करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ऐसे मामलों पर व्यक्तिगत रूप से संज्ञान लें और सुनवाई करें। भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय ने याचिका के जरिए सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों की जल्द सुनवाई की मांग की है। इस याचिका पर मुख्य न्यायाधीश डी. वाई चंद्रचूड़ की बेंच में आज सुनवाई हुई। हम विशेष अदालत में हर मामले की सुनवाई नहीं कर सकते इसलिए जिला न्यायाधीश को विशेष न्यायालय के मामलों पर नजर रखनी चाहिए। हाई कोर्ट को समय-समय पर ऐसे मामलों की ट्रायल रिपोर्ट तलब करनी चाहिए। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सांसदों और विधायकों के मामलों के लिए और अधिक विशेष अदालतें होनी चाहिए, मौत की सजा का सामना कर रहे सांसदों या विधायकों के मामलों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। हर राज्य के लिए गाइडलाइन



बनाना संभव नहीं है क्योंकि हर राज्य की स्थिति अलग है, इसलिए हम ऐसे मामलों की निगरानी का काम उच्च न्यायालय पर छोड़ते हैं, ऐसा मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने कहा। हाई कोर्ट को स्वयं संज्ञान लेकर सांसदों और विधायकों के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों का निपटारा करना चाहिए। उच्च न्यायालय ऐसे मामलों की रिपोर्ट जिला न्यायाधीश से मांग सकता है।

# राजनीति में सभी गद्दार होते हैं... अजीत पवार गुट के लोग शिंदे गुट के लोगों को 'खोके -खोके'कहते थे।

## अब वे सभी सरकार में शामिल हैं - बच्चू कडू

**मुंबई** : एकनाथ शिंदे के साथ शिवसेना से गद्दारी करनेवाले विधायकों की महाविकास आघाड़ी के नेताओं ने जमकर आलोचना की थी। शिंदे गुट के विधायकों ने गद्दारी की और प्रत्येक ने ५०-५० खोके ले ली, ऐसा आरोप मविआ नेताओं ने किया था। इन सभी विषयों पर प्रहार जनशक्ति संगठन के विधायक बच्चू कडू ने टिप्पणी की है। राजनीति में सभी गद्दार होते हैं। अजीत पवार गुट के लोग शिंदे गुट के लोगों को 'खोके -खोके'कहते थे। अब वे सभी सरकार में शामिल हैं, ऐसा तंज बच्चू



कडू ने अजीत पवार गुट पर कसा और उन्होंने यह भी कहा कि सत्ता की राजनीति में ऐसे विषय आमतौर पर होते रहते है। लोगों को ऐसी बात दिल पर नहीं लेनी चाहिए, ऐसी सलाह भी उन्होंने दी। वे एक मीडिया को दिए गए साक्षात्कार में ये बातें कहीं। विधायक बच्चू कडू ने भी शिंदे गुट की बगावत के बाद उसका समर्थन किया था। वह सूरत भी गए थे।

उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक नेता गद्दार होते हैं। नाना पटोले पहले भाजपा में थे। इसके बाद कांग्रेस में गए। तुम किसको गद्दार बोलोगे? अजीत पवार और उनका गुट हमें 'खोके-खोके'कहते थे। आज सत्ता में सहभागी हुए। सत्ता की राजनीति में ऐसी चीजें आम बात हैं।'लोगों को ऐसी बातों को दिल पर नहीं लेना चाहिए। इससे जनता को फायदा हो रहा है क्या? ऐसी मानसिकता लोगों की होनी चाहिए।

# एस.टी. बस सेवा का लॉलीपॉप

**बदलापुर** : कल्याण से उल्हासनगर-अंबरनाथ-बदलापुर के लिए सबसे सस्ती एस.टी. बस सेवा शुरू की गई थी, जिसका लाभ बड़ी तादाद में आर्थिक रूप से कमजोर गरीब लोगों को हुआ करता था। इस सेवा को उल्हासनगर मनपा प्रशासन ने उल्हासनगर मनपा की परिवहन सेवा शुरू करने के नाम पर और आरटीओ के आदेश पर मनपा द्वारा विट्ठलवाड़ी बस डिपो से निवेदन करने पर इसे बंद कर दिया गया, जिसके बाद



उल्हासनगर मनपा ने क्रिस्टल बस सेवा शुरू कर दी। लेकिन ठेकेदार ने किराया बढ़ाने का बहाना बनाकर इस बस सेवा को कुछ समय में ही बंद कर दिया। अब एक बार फिर से बस सेवा शुरू करने का लॉलीपॉप दिया जा रहा है।

बता दें कि बस सेवा बंद होने की वजह से लोगों को रिक्शाचालकों की मनमानी का सामना करना पड़ रहा है। जहां एक ओर बदलापुर बस डिपो वीरान पड़ा हुआ है और घंटों बस नजर नहीं आ रही, वहीं दूसरी ओर उल्हासनगर से अंबरनाथ का बस डिपो ही गायब हो गया है। बस न होने की वजह से गरीब यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।'दोपहर का सामना'के सिटीजन रिपोर्टर किशन बरनवाल ने इस मामले में जानकारी दी है।



# मुंबई के बोरीवली से मुलुंड की दूरी एक घंटे में होगी पूरी... नया पुल बनाने का एलान !

**मुंबई:** बोरीवली से मुलुंड के बीच सफर की दूरी एक घंटे में सिमट कर रह जाएगी। मालाड हिल रिजरवायर और लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स के बीच बीएमसी ने 180 करोड़ रुपए की लागत से एक 900 मीटर लंबा पुल (ब्रिज) बनाने का फैसला किया है।इस पुल का निर्माण सीमेंट कंक्रीट से किया जाएगा। यह पुल गोरेगांव मुलुंड लिंक रोड से जुड़ा होगा।इससे बोरीवली और मुलुंड के बीच का सफर एक घंटे में पूरा किया जा सकेगा। मुंबई में ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने के लिए नए पुल बनाए जा रहे हैं। इसी क्रम में पश्चिमी



उपनगर में मालाड हिल रिजरवायर से लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स को जोड़ने वाले अप्पा पाड़ा तक 18.30 मीटर डीपी रोड फेज वन विकसित किया जाएगा।

पुल विभाग के एक बीएमसी अधिकारी के अनुसार इसके लिए डिजाइन, निर्माण, कंक्रीट ब्रिज, स्टील ब्रिज, टनल ब्रिज और सीमेंट कंक्रीट कवरिंग के निर्माण और 36.60 डीपी रोड के कार्य के लिए रिपोर्ट, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, गुणवत्ता गारंटी, गुणवत्ता नियंत्रण और गुणवत्ता ऑडिट की समीक्षा के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट की नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। गोरेगांव से पूर्वी उपनगर मुलुंड तक पहुंचने के लिए जीएमएलआर का निर्माण किया जा रहा है। इस नए फ्लाईओवर से ट्रैफिक समस्या से निजात मिलेगी। बोरीवली से मुलुंड पहुंचने में दो घंटे लगते हैं।

# मेट्रो-3 के कार्यों को मनपा द्वारा स्टॉप वर्क का नोटिस जारी

**मुंबई :** मुंबई में प्रदूषण बढ़ने से आंखों में जलन सहित अन्य प्रकार के रोग से मुंबईकर ग्रसित हो रहे हैं। शहर में निर्माण कार्य से होनेवाले प्रदूषण से अधिक माहौल खराब हो रहा है। ऐसे ही निर्माण क्षेत्र जे. कुमार इंफ्राप्रोजेक्ट्स, जो मेट्रो-३ के कार्यों को देख रहा है। उसे गत बुधवार को बीकेसी में प्रमुख रूप से वायु प्रदूषण नियंत्रण के नियमों का पालन नहीं करने के लिए मनपा द्वारा



स्टॉप वर्क का नोटिस जारी किया गया है। इसी तरह की कार्रवाई बीकेसी, बांद्रा-पूर्व और सांताक्रूज-पूर्व में ४० निजी निर्माण स्थलों के खिलाफ भी की गई है। महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीसीबी) ने भी एचसीसी, एलएंटी और नागार्जुन जैसी विभिन्न निर्माण कंपनियों के १४ तैयार मिश्रित कंक्रीट (आरएमसी) संयंत्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इन बड़ी कंपनियों द्वारा शहर के कई बड़े प्रोजेक्टों पर काम किए जा रहे हैं। कोस्टल रोड, मेट्रो कॉरिडोर और मुंबई ट्रांस-हार्बर लिंक (एमटीएचएल) को भी इसी तरह के उल्लंघन के लिए दोषी ठहराया गया है। जे. कुमार इंफ्राप्रोजेक्ट्स कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज लाइन का निर्माण कर रहा है, जिसका मिड सेक्शन टर्मिनल स्टेशन बीकेसी में आईटीओ जंक्शन के पास बनेगा। एक अधिकारी ने कहा कि साइट पर बैरिकेडिंग नहीं की गई थी, तिरपाल, हरे कपड़े, जूट की चादर से ढका नहीं गया था। इसके अलावा श्रमिकों को मास्क भी नहीं दिए गए थे।

बीकेसी में बढ़ता प्रदूषण चिंता का विषय बना है, क्योंकि यहां बुलेट ट्रेन टर्मिनस का निर्माण भी चल रहा है। एच-ईस्ट वॉर्ड के अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने बुलेट ट्रेन अधिकारियों के साथ भी बैठकें की हैं और उन्हें पॉल्यूशन के उपायों के बारे में बताया है। एमपीसीबी द्वारा जिन आरएमसी को नोटिस जारी किया गया था, वे एचसीसी, नागार्जुन, एलएंटी, आईटीडी सीमेंटेशन, एफको, एनसीसी और अहलूवालिया जैसी प्रमुख इंफ्रा कंपनियों और उनके भागीदारों से संबंधित हैं। इन कंपनियों को सड़क, मेट्रो और एमटीएचएल परियोजनाओं के लिए बीएमसी और एमएमआरडीए जैसी एजेंसियों द्वारा डेवलपर्स के रूप में नियुक्त किया गया है।

# मुंबई-ठाणे में रेलगाड़ियों पर पथराव की घटनाओं में 3 गिरफ्तार, दो महिलाएं घायल

**मुंबई :** मुंबई और ठाणे में रेलगाड़ियों पर पथराव करने की अलग-अलग घटनाए सामनें आई है. इन घटनाओं में में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है. इन पटराव री घटनाओं में दो महिलाएं घायल हो गईं. पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी. एक अधिकारी ने बताया कि ठाणे जिले में सीएसएमटी जाने वाली एसी लोकल ट्रेन पर गुरुवार को कथित तौर पर पथराव करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है. इस घटना में एक महिला घायल हो गई थी.



**पथराव से ट्रेन की एक खिड़की क्षतिग्रस्त और एक महिला घायल**

अधिकारी ने बताया कि एसी उपनगरीय ट्रेन मुंबई टिटवाला से सीएसएमटी की ओर जा रही थी. ट्रेन पर सुबह के व्यस्त घंटों के दौरान ठाकुर्ली और डोम्बिवली के बीच उस पर पथराव किया गया. उन्होंने कहा, ''पथराव से ट्रेन की एक खिड़की क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार 28-वर्षीया महिला घायल हो गई. रेलवे परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है.'' कुर्ला रेलवे पुलिस ने बताया कि मोहन नामदेव कदम (45) को कर्जत फास्ट लोकल ट्रेन और लातूर एक्सप्रेस पर पथराव करने के आरोप में गुरुवार सुबह गिरफ्तार किया गया.

# महावितरण की ग्राहकों से अपील, दिवाली पर बिजली सुरक्षा का रखें ख्याल

**वसई :** दिवाली त्योहार के दौरान बिजली की सजावट, रोशनी के साथ-साथ पटाखे फोड़ते समय बिजली सुरक्षा का ध्यान रखा जाना चाहिए। सार्वजनिक बिजली प्रणालियों सहित घरेलू प्रकाश विद्युत उपकरणों से सावधान रहें। महावितरण ने किसी भी प्रकार का जोखिम न लेते हुए बिजली सुरक्षा का ध्यान रखते हुए त्योहार का आनंद दोगुना करने की अपील की है। महावितरण की बिजली वितरण प्रणाली सार्वजनिक स्थानों पर स्थित है। इसमें बिजली लाइन, फीडर, फीडर पिलर आदि व्यवस्थाएं खुली होने के कारण पटाखे फोड़ते समय उनसे सुरक्षित दूरी बनाकर रखनी चाहिए। यह सुनिश्चित करने का ध्यान रखा जाना चाहिए कि पटाखों के प्रदर्शन के दौरान सार्वजनिक बिजली व्यवस्था को आग लगने का कोई खतरा न हो, पटाखों को कूड़ेदान, फ्यूज बॉक्स, फीडर पिलर के पास नहीं फोड़ना चाहिए या किसी भी प्रकार का कचरा वहां नहीं फेंकना या जलाना चाहिए।

# ट्रिपल सीट गाड़ी चलाते रोकने पर पुलिस अधिकारी जख्मी...




**मुंबई :** अंधेरी पूर्व में बुधवार तड़के एक नशे में धुत मोटर चालक की टक्कर से एक सहायक उप-निरीक्षक के सिर पर चोटें आईं और उसका कंधा टूट गया। बिना हेलमेट के ट्रिपल सीट पर सवारी करते हुए दोपहिया वाहन पर तेजी से गाड़ी चलाते हुए पाए गए 26 वर्षीय बाइक सवार को बाद में अंधेरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को लगभग 2 बजे, अंधेरी पुलिस के सहायक पुलिस निरीक्षक श्यामचरण गावड़े (56) अंधेरी पूर्व में जेबी नगर मेट्रो स्टेशन के पास नाकाबंदी ड्यूटी पर थे। आरोपी दीपेश खाजेकर (26) नशे में धुत होकर दो बाइक सवारों के साथ घाटकोपर अपने घर लौट रहा था। तीन लोगों को बिना हेलमेट लगाए ट्रिपल सीट पर बैठा देख मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उनलोगों को रुकाने का इशारा किया।

गावड़े ने अपनी शिकायत में कहा कि चेक प्वाइंट पर रुकने के बजाय, आरोपी ने और भी तेज गति से गाड़ी चलाने की कोशिश की, जब वह सड़क पर लगाए गए बैरिकेड से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि लोहे का बैरिकेड उड़कर हमारी टीम की ओर आ गया क्योंकि हम उसके पीछे खड़े थे। यह मेरे दाहिने कंधे पर लगा और बहुत दर्द हुआ।

अंधेरी पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की कि गावडे के कंधे में फ्रैक्चर हो गया है और उन्हें सर्जरी की जरूरत है जो गुरुवार को की गई। घटना के बाद कुछ सहकर्मी घायल पुलिसकर्मी को जोगेश्वरी के ट्रॉमा केयर अस्पताल ले गए, तब उन्हें भर्ती होने का सजेशन दिया गया। टक्कर के बाद कार चालक रुक गया। मौके पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों ने उसका ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट कराया, जिसमें वह फेल हो गया। उस समय उनके पास लाइसेंस भी नहीं था। फिर वे आरोपी और बाकी पीछे बैठे प्रतीक यादव (27) को अंधेरी पुलिस स्टेशन ले गए। मामले में पुलिस ने आईपीसी की धारा 279 (तेज और लापरवाही से गाड़ी चलाना) और 338 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालकर गंभीर चोट पहुंचाना) और सुरक्षा उपायों, खतरनाक ड्राइविंग से संबंधित मोटर वाहन अधिनियम की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर इनोवा ने कई गाड़ियों में मारी टक्कर,

## 3 लोगों की मौत, 6 घायल



**मुंबई:** शहर के बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर एक दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां एक इनोवा कार ने कई गाड़ियों में टक्कर मार दी। इस हादसे में तीन लोगों के मौत होने की सूचना है, जबकि छह लोग घायल हैं। मुंबई पुलिस के मुताबिक एक इनोवा कार जो कि वर्ली से बांद्रा की दिशा में बेहद तेज रफ्तार से आ रही थी, उसने बांद्रा की दिशा में टोल प्लाजा पर खड़ी गाड़ियों को टक्कर मारी।

इस हादसे में कुल 6 गाड़ियां आपस में टकरा गई हैं। इस घटना में 9 लोग घायल हो गये थे, जिसमें से 3 लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई। जोन 9 के डीसीपी कृष्णकांत उपाध्याय ने बताया कि कुल घायलों में से दो की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। उन्होंने बताया कि आज रात लगभग 10:15 बजे एक वाहन वर्ली से बांद्रा की ओर जा रहा था। सी लिंक पर टोल प्लाजा से 100 मीटर पहले यह एक वाहन से टकरा गया। टकराने के बाद कार की गति तेज हो गई। इसके बाद अनियंत्रित इनोवा ने टोल प्लाजा पर 2-3 अन्य वाहनों को भी टक्कर मार दी। इस घटना में कुल छह गाड़ियां चपेट में आई हैं। हादसे में अब तक कुल नौ लोग घायल हुए हैं, जिनमें से तीन लोगों की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि छह लोगों का इलाज चल रहा है, जिनमें से दो लोगों की हालत गंभीर है। बता दें कि इनोवा का ड्राइवर वर्ली की दिशा से ही तेज रफ्तार से आ रहा था। उसने सी लिंक के बीच में ही एक कार को टक्कर मारी।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८१ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com